प्रेस नोट थाना अल्हागंज

जनपद शाहजहांपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 25.12.2024

थाना अल्हागंज पुलिस द्वारा लूट की घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुये एक नफर अभियुक्त को मय लूट के माल एक एटीएम कार्ड, एक बैक की पासबुक , चैकबुक व आधार कार्ड के साथ किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान से अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अल्हागंज के नेतृत्व में थाना अल्हागंज की टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.12.2024 की रात्रि के समय चार व्यक्तियो ने मिलकर किराये पर चलायी जा रही ईको गाडी में सवारी के बहाने से लोगो को बैठाकर रुपये छिनने की योजना बनाई थी। जब यह चारो लोग कांठ से जलालाबाद को जा रहे थे तो राहगीर श्री विपिन कुमार पुत्र श्री अजय कुमार निवासी ग्राम बिचौला पोस्ट पेहना थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर ने अल्हागंज आने की मंशा से सवारी गाडी ईको स्टार मारुति सुजुकी रजि0 नं0 UP27BH7252 को रुकवाकर अल्हागंज जाने के लिए पूछा तो उक्त चारो व्यक्तियो ने राहगीर श्री विपिन कुमार को बैठा लिया तथा बीच रास्ते में तेज म्यूजिक की तेज आवाज कर श्री विपिन कुमार के साथ लूटपाट करने लगे इसी छिनाछपटी में गाडी थाना अल्हागंज क्षेत्र के ग्राम टिकुरा चम्पतपुर में एक मकान से टकरा गयी। ग्राम वासियो ने दाउद पुत्र फहीम हुसैन निवासी ग्राम माही बाग कस्बा व थाना शाहबाद जनपद हरदोई उम्र करीब 24 वर्ष को मौके पर ही पकड लिया तथा शेष तीनो आरोपी गाडी के टकराते ही मौके से फऱार हो गये। सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस टीम भी मौके पर पहुँच गयी। वादी मुकदमा श्री विपिन कुमार पुत्र श्री अजय कुमार निवासी ग्राम बिचौला पोस्ट पेहना थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर के द्वारा दी गयी तहरीर मय गिरफ्तार शुदा अभियुक्त दाउद पुत्र फहीम हुसैन को मय माल एक एटीएम कार्ड , एक बैंक की पासबुक , चैकबुक व आधार कार्ड को कब्जा पुलिस में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 363/2024 धारा 309(6)/351(3) BNS थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर बनाम दाउद पुत्र फहीम व तीन व्यक्ति अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में निरीक्षण घटना स्थल व माल बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढौतरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त दाउद पुत्र फहीम हुसैन को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम –

1. दाउद पुत्र फहीम हुसैन निवासी ग्राम माही बाग कस्बा व थाना शाहबाद जनपद हरदोई उम्र करीब 24 वर्ष।

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0स0 363/2024 धारा 309(6)/351(3)/317(2) BNS थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर

माल बरामदगी

1. एक अदद आधार कार्ड
2. एटीएम कार्ड
3. बैंक आफ बडौदा की पासबुक
4.बैक आफ बडौदा की चैकबुक
5. एक बैग / थैला

पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री नगेन्द्र सिंह थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर
2. का0 1722 अमित कुमार थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर